**The Institute of Cost Accountants of India के राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित वेबिनार कार्यक्रम में संबोधन**

---

- सर्वप्रथम नव विक्रम संवत 2078 के आगमन के शुभ अवसर पर यहां उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, फैकल्टी मेम्बर्स, उपस्थित प्रतिभागियों, देवियों और सज्जनों को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ। इस नव-संवत्सर पर मैं आपके लिए सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूँ।
- अभी चैत्र नवरात्रि का महोत्सव चल रहा है जिसके साथ साथ रामनवमी का उत्सव भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान भास्कर एवं मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के सभी भक्त श्रद्धालुओं को भी बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाईयां।
- रमजान का पवित्र माह भी आरंभ हो चुका है। मैं सभी मुस्लिम भाइयों एवं बहनों को भी इस अवसर पर बधाई देता हूँ।
- **Institute of Cost Accountants of India के राजस्थान चैप्टर द्वारा आयोजित इस वेबिनार में आप सबसे वर्चुअल माध्यम से जुड़कर मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यहां विभिन्न प्रोफेशन से जुड़े लोग उपस्थित हैं। कॉमर्स के जानकार लोग इस प्लेटफार्म पर जुड़े हुए हैं। आप सभी का हार्दिक अभिनंदन है।**
- साथियों, कोविड-19 महामारी को 1 साल से अधिक का समय हो चुका है। यह संक्रमण एक बार फिर से अपने विकराल रूप में हमारे सामने है।
- यह महामारी पूरी मानवता के लिए न सिर्फ स्वास्थ्य संबधी समस्या लेकर आई है बल्कि विश्व की अर्थव्यवस्था के लिए भी इसने अभूतपूर्व चुनौती प्रस्तुत की है।
- भारत की अर्थव्यवस्था भी इससे अछूती नहीं रही। उद्योग और व्यापार जगत ने आपदा के समय कई कठिनाइयों का सामना किया। परंतु हमने इस नई चुनौती को भी आपदा में अवसर के रूप में स्वीकार किया है।
- **बहुत कम समय में हमने आवश्यक वस्तुओं यथा मास्क, सैनिटाइजर, पीपीई किट, वेंटिलेटर आदि का पर्याप्त मात्रा में उत्पादन किया, जिससे हम आत्मनिर्भर तो हुए ही, साथ ही हमने जरूरतमंद देशों की भी मदद की। यह सब उद्योग व्यापार जगत की सक्रियता से संभव हो सका है जिसमें आप सबकी भागीदारी है।**
- एक बड़ी उपलब्धि हमारे वैज्ञानिकों की रही जिन्होंने बहुत कम समय में समस्त मानवता के कल्याण के लिए एक प्रभावी वैक्सीन विकसित किया। इसका लाभ भी पूरी दुनिया उठा रही है।
- साथियो, आप सब जानते ही हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था सतत् विकसित हो रही है। हम 5 ट्रिलियन इकोनामी का लक्ष्य सामने रखकर चल रहे हैं। निश्चित ही कॉमर्स सेक्टर की इसमें बहुत बडी भूमिका होगी। इससे कॉमर्स विषय के अध्ययन का महत्व उभरकर सामने आता है।

- **आज के इस वेबिनार का विषय कॉमर्स में करियर को लेकर ही है। यह बहुत प्रासंगिक एवं सामयिक विषय है। देखा जाए तो वर्तमान परिस्थितियों में भारत के आर्थिक भविष्य को पुन: निर्धारित करने में सबसे अधिक योगदान कामर्स स्ट्रीम के छात्रों का ही है।**

- **इस कोरोना काल की प्रकृति ऐसी रही है कि इसमें विज्ञान के साथ-साथ कॉमर्स सेक्टर ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हमारे सभी छात्र इस देश का भविष्य हैं। कोई भी स्ट्रीम लेकर आप पढ़ाई कर रहे हो, आप देश के कर्णधार हैं। परंतु कॉमर्स के छात्र विशेष रूप से देश की अर्थव्यवस्था की दशा और दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।**

- ऐसा इसलिए है कि समाज को उन्नत बनाने का आधार देश की आर्थिक उन्नति से संबंधित है। वाणिज्य विषय समाज की आर्थिक उन्नति के माध्यम से देश के आर्थिक विकास में सहायक बनता है। इस विषय में विद्यार्थी को व्यवसाय का हर पहलू पढना और समझना होता है। साथ ही वह जो अध्ययन करता है, उसे व्यवहार में लाता है। **आप अकाउंटेंसी पढते हैं, बिजनेस स्टडीज, इकोनॉमिक्स अथवा सांख्यिकी पढते हैं, इससे आपका भविष्य कई क्षेत्रों में खुलता है।**

- आप चार्टर्ड अकाउंटेंट या कॉस्ट अकाउंटेंट बन सकते हैं, कंपनी सेक्रेट्री, फाइनेंस प्रबंधक अथवा व्यवसाय प्रबंधक भी बन सकते हैं। बैंकिंग और वित्त पोषण के क्षेत्र में जा सकते हैं। आपके पास करियर के कई विकल्प होते हैं।

- **यदि आप नौकरी नहीं करना चाहते तो अपना खुद का कारोबार शुरू करने के लिए अन्य लोगों के मुकाबले आपको विषय की बेहतर समझ होती है। प्लानिंग के साथ उसे लागू करने की आपके पास बेहतर क्षमता होती है। सीखे गए ज्ञान और अनुभव को उपयोग में लाने की क्षमता एवं गहन ज्ञान में आपका कोई मुकाबला नहीं है।**

- साथियों, कोविड काल की चुनौतियों से हम सबको आगे भी सावधानी से निपटना है। सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयास तभी सफल और सार्थक हो सकते हैं जब आप सबका भरपूर सहयोग मिलता रहे।

- उद्योग और व्यापार जगत को प्रोफेशनल लोगों की पहले से अधिक आवश्यकता है। मेरा आग्रह है कि आप सब अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर देश को इस चुनौतीपूर्ण समय में अपना भरपूर साथ दें।

- **व्यावहारिक जीवन में अर्थ यानी धन की बहुत बडी भूमिका है। इसके कुशल प्रबंधन से न केवल देश समृद्ध बनता है बल्कि सम्पूर्ण विश्व को एक नई आर्थिक गति मिलती है।**

- **एक बेहतर प्रगतिशील समाज के लिए यह आवश्यक है कि हम भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी एवं मुक्त आर्थिक व्यवहार समस्त विश्व में लागू करें। इसमें आप जैसे वित्तीय विश्लेषकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।**

- **मैं कॉमर्स से जुडे सभी लोगों को आधुनिक संचार और सूचना तकनीक के अधिकतम उपयोग के लिए प्रेरित करता हूँ।**

- **मैं चाहता हूँ कि समस्त विश्व एक डिजिटल प्लेटफार्म से कनेक्ट हो और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारिक प्रणाली, कर प्रणाली, आदि लागू करने में आसानी हो। हरेक व्यक्ति को इस सिस्टम से कनेक्ट करने की व्यवस्था भी हो और सभी के पास अपने लिए अर्थ उपार्जन करने की व्यवस्था भी बने।**
- **कोविड के वर्तमान काल में हम आत्मनिर्भरता की ओर तभी बढ सकेंगे जब हम छोटे-छोटे स्टार्ट अप को शक्ति प्रदान करेंगे; उनके लिए एक पारदर्शी प्लेटफार्म विकसित करेंगे और उन्हें घर बैठे ही कमाई का अवसर प्रदान करेंगे।**
- इस कार्यक्रम में कई सम्मानित अतिथिगण, वक्तागण एवं विषय विशेषज्ञ मौजूद हैं। विषयों के बारे में वे विस्तार से चर्चा करेंगे। मैं इस महत्वपूर्ण आयोजन के लिए आप सबको बहुत बहुत शुभकामनाएं देता हूँ।
- यहां उपस्थित सभी प्रतिभागी अवश्य ही इस सत्र से लाभान्वित होंगे, ऐसी मैं आशा करता हूं। बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिंद।

------